दिन– रविवार | दिनांक– 25/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 6.35 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सतत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर पूरे विश्व की है नजर।

02. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए पूर्वी चंपारण, पटना, मधुबनी, समस्तीपुर और पूर्णियां जिला प्रशासन को पुरस्कृत किया गया।

04. और, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। पटना में कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी पहले हिंदी में फिर अंग्रेजी में इसका प्रसारण होगा। हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण करेगा।

---

गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा। जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां झंडात्तोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में बारह विभागों की ओर से झांकियां प्रदर्शित की जायेंगी, जिनमें बढ़ते बिहार की तस्वीर दिखाई जायेगी। परेड में पुलिस अर्धसैनिक और सेना की इक्कीस टुकड़ियां भाग लेंगी। गांधी मैदान और आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पटना जिला प्रशासन ने समारोह को लेकर कल सुबह सात बजे से कार्यक्रम के समापन तक सामान्य और व्यवसायिक वाहनों के गांधी मैदान की ओर जाने पर रोक लगा दी है। केवल पासधारी

वाहन ही जा पायेंगे। इधर, सरकारी कार्यालयों, स्कूल–कॉलेजों और अलग–अलग राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी झंडात्तोलन की तैयारी की जा रही है।

---

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के बाईस पुलिस कर्मियों को उनके असाधारण साहस और कर्तव्य पालन के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार डीएसपी उमेश लाल रजक और एसआई नवरत्न कुमार को प्रेसिडेंट मेडल के लिए चुना गया है। जबकि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और डीजी ऑपरेशन कुंदन कृष्णन, एसआई अर्जून लाल और सिपाही जीतेन्द्र सिंह को गैलेंट्री ऑवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सत्रह पुलिसकर्मियों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए सेवा पदक दिया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर बल देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया।

———बाइट———

हम जो भी मैन्युफैक्चर कर रहे हैं उसकी क्वालिटी को बेहतर बनाने का संकल्प लें। चाहे हमारे टेक्सटाइल हो, टेक्नोलॉजी हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स, इवेन पैकेजिंग। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब ही बन जाए टॉप क्वालिटी। हम संकल्प लें क्वालिटी में ना कोई कमी होगी ना क्वालिटी से कोई समझौता होगा। और मैंने तो लाल किले से कहा था जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट। ऐसा करके ही हम विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे ले जा पाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवरी 2016 में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वकांक्षी यात्रा शुरू की थी।

———बाइट———

भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। यह स्टार्टअप्स एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर्स, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी। आप नाम लीजिए और कोई ना कोई भारतीय स्टार्टअप उस सेक्टर में काम करते हुए दिख जाएगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर श्री मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। श्री मोदी ने कहा कि जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाईयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि इससे मतदान के बारे में जागरुकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि मतदाता बनना कितना महत्वपूर्ण है।

———बाइट———

मतदाता दिवस पर मैं अपने युवा साथियों से फिर आग्रह करूंगा कि वे 18 साल का होने पर वोटर के रूप में खुद को जरूर रजिस्टर करें। संविधान ने हर नागरिक से जिस कर्तव्य भावना के पालन की अपेक्षा रखी है, इससे वह अपेक्षा भी पूरी होगी और भारत का लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

श्री मोदी ने कहा कि भजन और कीर्तन सदियों से भारतीय संस्कृति की आत्मा रहे हैं। आज के युवा ने इस भक्तिभाव को अपने अनुभव और जीवन शैली में शामिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सोच ने एक नई सांस्कृतिक रूझान को जन्म दिया है।

———बाइट———

ऐसा ही लग रहा है कि जैसे कोई बहुत बड़ा कंसर्ट हो रहा हो लेकिन वहां जो गया जा रहा होता है वो पूरी तन्मयता के साथ, पूरी लगन के साथ, पूरे लय के साथ भजन की गूंज इस चरण को आज भजन क्लबिंग कहा जा रहा है और यह खास तौर पर जेन–जी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में अब तक दो सौ करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

———बाइट———

पर्यावरण संरक्षण की यही भावना आज बड़े स्तर पर भी दिखाई दे रही है। इसी सोच के साथ देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान से अब करोड़ों लोग जुड़ चुके हैं। यह बताता है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अब लोग ज्यादा जागरुक हैं और किसी न किसी रूप में अपना योगदान देना चाहते हैं।

श्री मोदी ने गणतंत्र दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के लोग 26 जनवरी को पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान निर्माताओं को नमन करने का अवसर है।

———बाइट———

कल 26 जनवरी को हम सभी गणतंत्र दिवस का पर्व मनाएंगे। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। 26 जनवरी का यह दिन हमें अपने संविधान निर्माताओं को नमन करने का अवसर देता है।

———————————————————————————

समग्र राष्ट्र आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– मेरा भारत मेरा वोट। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपने संबोंधन में राष्ट्रपति ने कहा है कि मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं, विशेष रूप से महिलाओं को मतदाता दिवस पर बधाई दी।

———बाइट———

मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है। यह निर्वाचन के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की आस्था का प्रतिबिंब है। यह प्रत्येक नागरिक द्वारा अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बेहतर चुनाव कार्यों के लिए राज्य के कई जिलों को पुरस्कृत किया गया। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज चुनाव के दौरान बेहतर और प्रशंसनीय काम के लिए चुनाव आयोग द्वारा घोषित विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कार प्रदान किए। राज्य के कई जिलों को यह पुरस्कार मिला है। चुनाव में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए पूर्वी चम्पारण, मतदाता जागरूकता के लिए पटना और प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण के लिए मधुबनी जिले को प्रथम पुरस्कार दिया गया। चुनाव प्रबंधन और आवाजाही के लिए पूर्णियां को तीसरा तथा आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समस्तीपुर को दूसरा पुरस्कार मिला है। इधर, राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, एडीजी कुंदन कृष्णन और ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो को विशेष पुरस्कार प्रदान किये गए। इसके साथ ही सीईओ ऑफिस बिहार की टीम को बेस्ट चीफ इलेक्ट्रॉल ऑफिस, सोशल मीडिया टीम की श्रेणी से सम्मानित किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि आयोग की प्रत्येक पहल, नीति और निर्णय का केंद्र हमेशा से ही देश का मतदाता रहा है। श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पूरी तरह से सफल रहा।

———बाइट———

भारत चुनाव आयोग ने नई दिल्ली में लोकतंत्र और चुनावी प्रबंधन के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय महासंगम का आयोजन किया। लगभग 70 लोकतांत्रिक देशों जिसमें 40 से भी अधिक इलेक्शन कमिशन्स और एंबेसेडर्स और हाई कमिश्न ने हिस्सा लेकर न केवल एक नया कीर्तिमान बनाया बल्कि भारत की लोकतांत्रिक विरासत और भारतीय चुनावों की मजबूत और पारदर्शी कार्यप्रणाली को जाना, समझा और साराहा।

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पटना में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की उपस्थिति में इसकी औपचारिक घोषणा की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन और आगे की रणनीति को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। कार्यकारिणी की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि अपराध से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह स्वतंत्र है। श्री चौधरी ने मुंगेर के तारापुर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपराधी का ना कोई जात है ना धर्म। उन्होंने कहा कि अपराधी समाज का कचरा है जिसे साफ किया जायेगा।

———बाइट———

---

पहाड़ों पर बर्फवारी और उत्तर पछुआ हवा के कारण राज्य के अधिकांश भागों में तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

———बाइट———

मौसम विभाग ने सत्ताईस जनवरी के बाद राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों पर वज्रपात और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

पटना के मोइनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल मुकाबले के चौथे दिन बिहार ने मणिपुर के खिलाफ सात सौ तिरसठ रन की विशाल बढ़त बना ली है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक पियूष सिंह के नाबाद दोहरे शतक के बदौलत दूसरी पारी में बिहार ने पांच विकेट के नुकसान पर पांच सौ पांच रन बना लिया है। कल मैच का अंतिम दिन है और बिहार की जीत तय मानी जा रही है। जीत की औपचारिक घोषणा के साथ बिहार अगले सत्र के लिए रणजी एलिट ग्रुप में प्रवेश पा लेगा।

———————————————————————

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सतत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर पूरे विश्व की है नजर।

02. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए पूर्वी चंपारण, पटना, मधुबनी, समस्तीपुर और पूर्णियां जिला प्रशासन को पुरस्कृत किया गया।

04. और, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। पटना में कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से फैसला।

———————————————————————

समाप्त